Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

# SS-01-Hindi (C) (D & D)

No. of Questions – 16

No. of Printed Pages – 7

## उच्च माध्यमिक (मूक – बधिर) परीक्षा, 2019

## हिन्दी (अनिवार्य)

**समय** : 4¼ **घण्टे**

**पूर्णांक** : 80

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

2) सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर – पुस्तिका में निर्धारित शब्द – सीमा में लिखें।

4) जिस प्रश्न के अ,ब,स , द भाग हैं, उन सभी भागों का हल एक साथ सतत् लिखें।

यहाँ से काटिए

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

यहाँ से काटिए

## 'खण्ड – अ'

1) निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : [4 × 1 = 4]
(उत्तर सीमा 20 से 30 शब्द )

निर्जन गहन गुहा का द्वार?
तुम किस हेतु करते हो
अपनी वसुधा से वैराग्य?
जहाँ जन्म पाने में सुर भी
समझा करते थे निज भाग्य ।
बद्ध–दासता के बन्धन में,
पड़े करोड़ो भाई बन्द,
लेने जाते हो एकाकी
कौन मुक्ति का तुम आनंद ।
क्या उन बहिन बेटियों को तुम
इसलिए आये हो छोड़
हर ले जाएँ अधर्मी उनको
हँस हँस कर, कर कर के होड़ ।

अ) करोड़ो भाई बहिन किसके बन्धन में पड़े हैं? [1]

ब) बहिन बेटियों को कौन हर लेगा? [1]

स) सुर शब्द का विलोम शब्द लिखिए । [1]

द) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । [1]

2) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : [4 × 1 = 4]
(उत्तर सीमा 20 से 30 शब्द)

गाँव मनुष्य का स्वाभाविक एवं सुसंगत आवास है तथा सामाजिक संगठन की एक प्रारम्भिक इकाई है । मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, इसलिए मानवीय स्वभाव के पूर्ण विकास के लिए यह आवश्यक है कि जिस प्रारम्भिक समुदाय में वह रहता है, वह ऐसा हो कि समुदाय के अन्य सदस्यों के साथ वह वैयक्तिक सम्बन्ध स्थापित कर सके तथा अर्थ पूर्ण सहजीवन जी सके । कस्बे और शहर मानवीय जंगल हैं, जहाँ अवैयक्तिक सम्बन्ध व्यक्ति के जीवन को अधिशासित करते हैं, और व्यक्ति क्लब तथा अन्य ऐसे कृत्रिम संघो का निर्माण कर 'समाज' में रहने की अपनी प्यास बुझाता है ।

अ) मनुष्य का स्वभाविक आवास कहाँ हैं? [1]

ब) कस्बे और शहरों को क्या कहा गया है? [1]

स) मनुष्य के दो पर्यायवाची लिखिए । [1]

द) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । [1]

## 'खण्ड – ब'

**3)** निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 150 शब्दों में निबन्ध लिखिए : **[8]**

अ) हमारे त्योंहार

ब) विद्यार्थी जीवन

स) मेरा प्रिय कवि

द) राष्ट्रीय एकता

**4)** स्वयं को सुमित शर्मा मानते हुए अपने छोटे भाई प्रवीण को खेलों में भाग लेने हेतु एक प्रेरणादायी पत्र लिखिए। **[6]**

अथवा

स्वयं को मनोहर वर्मा मानते हुए प्रधानाचार्य महोदय को पुस्तकालय की सुचारू व्यवस्था हेतु एक प्रार्थना–पत्र लिखिए।

**5)** निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों का उच्चारण एवं हिन्दी अर्थ लिखिए : **[2]**

i) GUEST

ii) ACTION

iii) DATA

iv) DUTY

v) JOB

## 'खण्ड – स'

6) निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : [4 × 1 = 4]

(उत्तर सीमा 20 से 30 शब्द)

तेरे ही भुजानि पर भूतल कौ भार,
कहिबै कौं सेषनाग दिगनान हिमाचल है ।
तेरौ अवतार जग–पोषन–भरनहार,
कछु करतार कौ न ता मधि अमल है ।
साहि–तनै सरजा समत्थ सिवराज कवि
भूषण कहत जीवौ तेरो ही सफल है ।
तेरौ करबाल करै मलेच्छन कौ काल
बिन काज होत काल बदनाम धरातल ।।

अ) किस पर भूतल का भार है? [1]

ब) धरातल बदनाम क्यों है? [1]

स) मलेच्छ शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है? [1]

द) कवि भूषण ने किसका जीवन सफल बताया है? [1]

7) निम्नलिखित पठित पद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । [4 × 1 = 4]

बाजार को सार्थकता भी वही मनुष्य देता है जो जानता है कि वह क्या चाहता है । जो नहीं जानते कि वे क्या चाहते है, अपनी पर्चेजिंग पावर के गर्व में अपने पैसे से केवल एक विनाशक शक्ति – शैतानी शक्ति, व्यंग्य की शक्ति ही बाजार को देते हैं । न तो वे बाजार से लाभ उठा सकते हैं, न उस बाजार को सच्चा लाभ दे सकते हैं । वे लोग बाजार का बाजारूपन बढाते हैं । जिसका मतलब है कि कपट बढ़ाते हैं । कपट की बढ़ती का अर्थ परस्पर में सद्भाव की घटी ।

अ) बाजार की सार्थकता कौन देता है? [1]

ब) बाजार का बाजारूपन कौन बढ़ाते हैं? [1]

स) बाजारूपन बढ़ाने का क्या मतलब हैं? [1]

द) पर्चेजिंग पावर के गर्व में लोग बाजार को क्या देते हैं? [1]

8) निम्नलिखित में से किसी एक कवि या लेखक का परिचय लिखिए : [4]

(शब्द सीमा 80 से 100 शब्द)

अ) कबीर

ब) हरिवंश राय बच्चन

स) भूषण

द) रहीम

9) 'ठेले पर हिमालय' पाठ के आधार पर पर्वतीय प्राकृतिक सौन्दर्य को लिखिए। [4]

(उत्तर सीमा 80 से 100 शब्द)

अथवा

'तौलिये' एकांकी में किस आडम्बर एवं खोखलेपन की अभिव्यक्ति है?

10) सूरदास के पदों में वर्णित प्रेमभक्ति भावना का चित्रण कीजिए। [4]

(उत्तर सीमा 80 से 100 शब्द)

अथवा

'मेरा बचपन' कविता के आधार पर बचपन के सौन्दर्य को लिखिए।

11) पठित कविताओं की विषय वस्तु के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए : [3 × 2 = 6]

(उत्तर सीमा 20 से 30 शब्द)

अ) ''बतरस–लालच लाल की मुरली धरी लुकाइ।'' काव्य पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

ब) उषा कविता में प्रात:काल के सौन्दर्य को किस–किस की उपमा दी गई है?

स) 'गागर में सागर' भरने वाले कवि किन्हें कहा गया है?

द) तुलसी ने असमय के सखा किसे कहा है?

**12)** पठित विषय वस्तु के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **[3 × 2 = 6]**

(उत्तर सीमा 20 से 30 शब्द)

अ) चूरन वाले भगत जी का जीवन हमें क्या शिक्षा मिलती है?

ब) लेखक की दृष्टि में मजदूरी का भुगतान किस रूप में किया जाना चाहिए?

स) लेखक ने प्रजातंत्र में विरोधी पक्ष का क्या महत्त्व माना है?

द) श्रमशील लोगों का हमारे जीवन में क्या महत्त्व है?

## ‘खण्ड – द’

**13)** पठित पाठों की विषय–वस्तु के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं छः (6) प्रश्नों के उत्तर लिखिए :– **[6 × 2 = 12]**

अ) ‘आहर–नीति’ पुस्तक में किसके विचारों का वर्णन है?

ब) गौरा को मृत्यु से बचाने के लिए लेखिका ने क्या–क्या उपाय किए?

स) बिदाई के समय भिक्षा के रूप में रत्नावली ने क्या विनती की?

द) लेखक ने चित्तौड़गढ़ की धूली को बार–बार मस्तक से क्यों लगाया?

य) ‘उसने क्या कहा था’ कहानी की मूल संवेदना लिखिए।

र) गाँधी जी ने सभ्य बनने के लिए क्या–क्या उपाय किए?

ल) संत जम्भेश्वर जी का समाज में क्या योगदान है?

## ‘खण्ड – य’

**14)** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर फीचर लिखिए : **[4]**

(उत्तर सीमा 80 से 100 शब्द)

अ) स्वच्छता अभियान

ब) बच्चों के खेल

स) छुआछूत (अस्पृश्यता)

**15)** **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर रिपोर्ट लिखिए :** **[4]**

**(उत्तर सीमा 80 से 100 शब्द)**

अ) बाढ़ का दृश्य

ब) विद्यालय का वार्षिकोत्सव

स) एकता दिवस (31 अक्टूबर)

**16)** **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर आलेख लिखिए :** **[4]**

**(उत्तर सीमा 80 से 100 शब्द)**

अ) पर्यावरण संरक्षण

ब) विज्ञान के चमत्कार

स) ग्राम्य जीवन

▽▽▽▽

DO NOT WRITE ANYTHING HERE